**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 30 मार्च 2024, समय 1810 (10 मिनट))**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में चार विभूतियों को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया।
- भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 642 अरब डॉलर से अधिक हुआ।
- हरियाणा के मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद और मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सभी जिला उपायुक्तों को दिशा निर्देश जारी किये।
- हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के दौरान अवैध शराब की बिक्री पर प्रशासन की पैनी नज़र रहेगी।
- हरियाणा पुलिस द्वारा गाड़ियों के शीशो पर काली फिल्म लगाने वाले चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जायेगा।

.............................................................................................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में पूर्व प्रधानमंत्रियों पी वी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन और बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया। राष्ट्रपति कल नई दिल्ली में पूर्व उप प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को देश का शीर्ष नागरिक पुरस्कार प्रदान करेंगी।

अलंकरण समारोह के दौरान, पुरस्कार विजेताओं के परिवारजनों ने पुरस्कार प्राप्त किए। अलंकरण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

भारत रत्न देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। यह सम्मान असाधारण और उल्लेखनीय सेवा के लिए प्रदान किया जाता है।

.............................................................................................

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 22 मार्च को समाप्त हुए सप्ताह में 14 करोड़ डॉलर बढ़कर अपने अब तक के उच्चतम स्तर 642 अरब डॉलर से अधिक हो गया है। भारतीय रिजर्व बैंक से जारी आंकड़ों में कहा गया है कि लगातार पांचवें सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार में यह बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार में 34 करोड़ 70 लाख डॉलर की वृद्धि हुई और अब यह 51 अरब डॉलर से अधिक हो चुका है।

कुल भंडार का एक प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसम्पत्ति 12 करोड़ 30 लाख डॉलर घटकर पांच सौ 68 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

.............................................................................................

लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद व हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला उपायुक्तों के साथ बैठक कर उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

श्री अग्रवाल ने कहा कि चुनाव के दौरान जिस भी अधिकारी की जो भी ड्यूटी लगाई गई है वो उसे पूरी ईमानदारी व निष्ठा से पूरा करें। इस कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि वे अपने ज़िले से संबंधित सभी मतदान केन्द्रों का मुआयना करें, अगर किसी मतदान केन्द्र को और कहीं स्थानांतरित करवाना है तो उसकी रिपोर्ट तुरंत प्रस्तुत करें ताकि समय पर उस मतदान केन्द्र का स्थान बदला जा सके।

उन्होंने कहा कि सभी चुनाव अधिकारियों को मतदान केन्द्रों में बिजली, पानी, शौलाचय व अन्य सभी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित करने के लिए स्वीप अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करवाने को भी कहा, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग अपने मत का प्रयोग कर सके। उन्होंने जिला के सभी मतदाताओं का आह्वान किया कि 25 मई को आयोजित होने वाले लोकतंत्र के इस पर्व में आवश्य भाग लें और अपने मतदान का प्रयोग कर देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें।

..........................................................................................

हरियाणा के विभिन्न जिलों से आदतन 22 नशा तस्करों की सूची तैयार कर राज्य सरकार को भेजी गई है ताकि इनको अगले 1 साल के लिए नज़रबंद कर नशे पर लगाम कसी जा सकें। कल इसी सिलसिले में पंचकुला स्थित डायल 112 के कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, ओ.पी. सिंह ने की।

मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो के प्रवक्ता दिनेश कुमार ने बताया कि जल्द ही राज्य सरकार द्वारा इन सभी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल की सलाखों के पीछे भेजा दिया जाएगा।

..........................................................................................

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा है कि हरियाणा में 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर प्रदेश में शराब की अवैध बिक्री नहीं होने दी जाएगी। शराब की बिक्री पर जिला प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। इस दौरान अगर कहीं भी अवैध शराब पाई गई तो पुलिस विभाग द्वारा संबंधित लोगों खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने पुलिस प्रशासन सहित आबकारी विभाग द्वारा शराब की वैध दुकानों व उनके स्टॉक आदि की निरंतर जांच करने को कहा है। अवैध व नकली शराब की बिक्री जैसी गतिविधियों पर पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ी नजर रखी जाए। उन्होंने आबकारी विभाग के अधिकारियों से कहा कि अगर जांच जैसे कार्यों में पुलिस विभाग की आवश्यकता है, तो पुलिस विभाग द्वारा उन्हें हरसंभव मदद उपलब्ध करवाई जाएगी।

..........................................................................................

लोकसभा चुनावो के मद्देनजर कुरुक्षेत्र पुलिस अधीक्षक ने एडवाइजरी जारी कर शस्त्र लाइसेंस धारकों को अपने लाइसेंसी हथियार समय से नजदीकी पुलिस थाना या प्राधिकृत शस्त्र डीलरों के पास जमा करवाने तथा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न करवाने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा है कि यदि शस्त्र लाइसेंस धारक अपना हथियार जमा नहीं करवाते हैं तो उनके शस्त्र लाइसेंस का नवीनीकरण रोककर, लाइसेंस को रद्द करने की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी।

पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए कि उनके क्षेत्र में जिन लोगों के पास लाईसेंसी हथियार है उन सभी के हथियारों को चुनाव से पहले संबंधित पुलिस

थाने या गन हाउस में जमा करवाना सुनिश्चित करें। जो लोग अपने लाइसेंसी शस्त्र जमा नहीं करते, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

कैथल में भी आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक उपासना द्वारा जिले के सभी असला लाइसेंस धारकों को अपने हथियार जल्द से अपने नजदीकी थाना में जमा कराने के निर्देश जारी किए गये है। उन्होंने सभी थाना प्रबंधकों को आदेश दिए हैं कि वे अपने-अपने अधिकार क्षेत्र के लाइसेंसी असला धारकों के हथियार शीघ्रातिशीघ्र थाना में जमा करवाने के लिए प्रेरित करें।

.............................................................................................

हरियाणा पुलिस द्वारा 1 से 7 अप्रैल तक गाड़ियों के शीशे पर काली फिल्म लगाने वाले वाहन चालकों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। ऐसे वाहन चालकों के चालान किए जाएंगे।

पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने यह जानकारी देते हुए कहा कि गाड़ियों के शीशे पर ब्लैक फिल्म लगाना यातायात नियमों के विरूद्ध है और हरियाणा पुलिस ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती से निपटेगी। ऐसे वाहन चालकों को नियमानुसार 10 हजार रूपये तक का जुर्माना भरना पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि इस बारे में प्रदेश के सभी पुलिस आयुक्तों, पुलिस अधीक्षकों तथा पुलिस उपायुक्तों को जरूरी दिशा -निर्देश जारी किए हैं। इस अभियान को लेकर संबंधित क्षेत्रों के उप पुलिस अधीक्षक तथा पुलिस अधीक्षक को प्रभारी बनाया गया है जिनकी निगरानी संबंधित पुलिस अधीक्षकों तथा पुलिस उपायुक्तों द्वारा स्वयं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी लोगों से यातायात नियमों का गंभीरता से पालन करने की अपील भी की।

उन्होंने लोगों से कहा है कि यदि कोई भी नागरिक नियमों की उल्लंघना करता हुआ पाया जाता है तो इसकी सूचना हरियाणा-112 पर अवश्य दें ताकि उनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जा सके।

.............................................................................................

भारतीय जनता पार्टी द्वारा होडल के गांव औरंगाबाद में आगामी 6 अप्रैल को विजय संकल्प रैली निकाली जाएगी।

विधायक जगदीश नायर ने होडल शहर के सैकड़ों युवा कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद बताया कि विजय संकल्प रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी,पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर शिरकत करेगें।

उन्होंने बताया कि लोगों का भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और होडल विधानसभा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों के बारे में बताया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने सभी वर्गों के हितों के लिए कार्य किया है और दावा किया कि लोकसभा चुनाव में पार्टी हरियाणा विधानसभा की सभी 10 सीटों पर विजय हासिल करेगी।

.............................................................................................

पलवल जिले में रात बिजली व गरज के साथ हुई बारिश व ओलावृष्टि से गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा है। कृषि उपनिदेशक डॉ. बाबू लाल एवं खंड कृषि अधिकारी होडल देवेंद्र कुमार ने आज बामनीखेड़ा, सैलोटी, बड़ौली, मुनीर गढ़ी, नांगल ब्रहमण, छज्जूनगर, दीघोट, अटोंहा, लाडियाका, रूंधी, सहित अनेक गांवों का दौरा कर ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों का जायजा लिया।

अधिकारियों द्वारा ओलावृष्टि से फसल में हुई नुकसान का आंकलन किया गया और किसानों से चर्चा भी की गई। किसानों ने ओलावृष्टि के कारण बर्बाद हुई फसल की गिरदावरी

करवाने की मांग की। कृषि उपनिदेशक ने आकाशवाणी से कहा कि ओलावृष्टि के कारण गेहूं की फसल को नुकसान हुआ है और उसकी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिन किसानों ने फसल का बीमा करवाया हुआ है ऐसे किसान विभाग के पोर्टल पर जाकर शिकायत दर्ज करवा सकते है।

.............................................................................................

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल ने राज्य सरकार से प्रदेश में नए उद्योग लगाने के लिए व्यापारियों को सस्ती जमीन व बिजली के बिलों में 50 प्रतिशत सब्सिडी देने की मांग की है।

महम में व्यापारियों को संबोधित करते हुए मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग ने कहा कि जीएसटी प्रणाली के तहत कर की दर बहुत ज्यादा है उसमें और इसके सरलीकरण करने की जरूरत है ताकि देश व प्रदेश में व्यापार व उद्योगों को बढ़ावा मिल सके और आम जनता को महंगाई से राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में कर कम होने से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा और जनता को राहत मिलेगी।

.............................................................................................